तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 75 से अधिक ग्राम पंचायतों में बैंकिंग की सेवाएं



## ओड़गीनाका मार्ग पर जलभराव, राहगीर होते रहे परेशान

# झमाझम बारिश: पटना-कुड़ेली मार्ग पर आवागमन ठप



ओड़गी नाका सड़क पर भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में मंगलवार की रात्रि से शुरू बारिश का क्रम सुबह तक चलता रहा और सुबह के समय मूसलाधार बारिश जमकर कुछ घंटे तक हुई। कई घंटों की लगातार बारिश के कारण शहर के सड़कों पर बरसाती पानी का बहाव होने लगा। वहीं कई क्षेत्रों में लोगों के घरों में भी बरसात का पानी घुसने लगा था। आफत की बारिश के कारण बुधवार को लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई, वहीं भारी बारिश को देखते हुए कोरिया जिले के स्कूलों में दोपहर बाद अर्द्ध अवकाश दे दिया गया। दूसरी ओर लगातार घंटों की बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर रहे और कई नालों में पानी उपर से बहने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया था।

जानकारी के अनुसार सावन के पहले दिन रिमझिम बारिश के साथ सावन शुरू हुई थी। दूसरे व तीसरे दिन धूप खिली रही, लेकिन तीसरे दिन से हल्की बारिश जिले के कई क्षेत्रों में हुई चौथे दिन भी यही स्थिति रही। मंगलवार की रात्रि में शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। वहीं बुधवार को सुबह के समय झमाझम बारिश शुरू हुई तो घंटो तक चलती रही। दिन निकलने के बाद भी बारिश होती रही और दोपहर में बारिश थमी, लेकिन आसमान में काले बादल छाए रहे। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय में भी जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण लोगों की दिनचर्या बिगड़ गया था। भारी बारिश के चलते जिले के पटना से कुड़ेली पहुंच मार्ग पर बासन नदी उफान पर रहने के कारण बासन नदी पर बने रपटे के उपर से पानी का बहाव होने के कारण घंटों तक कुड़ेली पटना मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध रहा। कई घंटों तक जल स्तर बढ़े होने के कारण रपटे के उपर से पानी का बहाव होने के कारण घंटों पटना-कुड़ेली मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। लोगों को दूसरे मार्ग से घुमकर आना-जाना करना पड़ा।



पानी भरने से पटना-कुड़ेली मार्ग हुआ अवरूद्ध।

### घाघी नदी उफान पर...

घंटो लगातार बारिश से सोनहत के शिवघाट के पहाड़ी से निकली घाघी नदी उफान पर रहा, जिस पर सीतापुर ग्राम में चट्टानों के बीच ऊंचाई से गर्जना के साथ गिरता घाघी का जलधारा आकर्षक जलप्रपात का नजारा देखने लायक है।



### कोरिया में अब तक सामान्य से कम वर्षा

कोरिया जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई तक कुल 1788.60 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो जिले की सामान्य औसत वर्षा 1040.9 मिमी के मुकाबले औसतन 150.20 प्रतिशत अधिक है, हालांकि, तहसीलवार आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के विभिन्न हिस्सों में वर्षा वितरण असमान रहा है और कई क्षेत्रों में सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा बैकुंठपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलवार वर्षा की स्थिति इस प्रकार है। पटना तहसील में अब तक 621.70 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य का 58.80 प्रतिशत है। यह जिले में सर्वाधिक प्रतिशत वर्षा वाला क्षेत्र रहा, जबकि विगत वर्ष जून माह में 262 मिमी तथा 1 जुलाई से 16 जुलाई 2024 के बीच 413.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। बैकुंठपुर में 1 जून 2025 से अभी तक 451.20 मिमी वर्षा हुई, जो औसत का 43.36 प्रतिशत है। विगत वर्ष 2024 के जून माह में 71.6 तथा 16 जुलाई 2024 तक 199 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। सोनहत तहसील में 444.80 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य का 38.02 प्रतिशत है, जबकि जून 2024 में 104.5 तथा 16 जुलाई 2024 में 227.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी वहीं, पोड़ी-बचरा तहसील क्षेत्र में 1 जून 2025 से अभी तक केवल 270.90 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य का मात्र 30.22 प्रतिशत है और इसे सबसे कम वर्षा वाला क्षेत्र माना गया है, जबकि विगत वर्ष जून माह में 81.5 और 1 जुलाई से 16 जुलाई 2024 के बीच 145.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। आज जिले में औसतन 30.65 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैकुंठपुर एवं सोनहत एसडीएम सहित सभी तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों का सघन निरीक्षण करने और जल भराव वाले इलाकों, नदी-नालों के पास के संवेदनशील स्थानों का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी चेतावनियों और पूर्वानुमानों पर सतर्कता से ध्यान दें और खेती-बाड़ी की योजना उसी अनुसार बनाएं। साथ ही जल संरक्षण को प्राथमिकता देने की भी सलाह दी गई है।

### मुख्य मार्ग पर भारी जल भराव

शहर के ओड़गी नाका से आगे मुख्य मार्ग पर ओड़गी नाका पेट्रोल पंप से लेकर आगे करीब डेढ़ सौ मीटर दूरी तक भारी बारिश के चलते मुख्य मार्ग पर भारी मात्रा में जल भराव हो गया था, इसके चलते पैदल आवाजाही करने वालों को मुख्य मार्ग पर उक्त जगह पर आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं ओड़गी नाका पेट्रोल पंप के पीछे स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास पहुंच मार्ग पर भी जल भराव की स्थिति घंटो बनी रही।

### खेतों में भरा लबालब पानी

मंगलवार की रात्रि से शुरू हुई बारिश बुधवार की सुबह तक झमाझम हुई। लगातार कई घंटों की बारिश के कारण जिले के नदी नाले जहां उफान पर चल रहे हैं, वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों के खेत बारिश के पानी के चलते लबालब हो गए हैं। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट छिन्दडॉड़ में स्थित सागर बांध में जल स्तर बढ़ गया और आस-पास के खेल जलमग्न हो गए हैं, इसके चलते किसानों को खेती-किसानी कार्य करने में परेशानी हो रही है।

### भारी बारिश: स्कूलों में छुट्टी

कोरिया जिले में मंगलवार की रात्रि से बुधवार सुबह देर तक लगातार बारिश होती रही। भारी बारिश को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा गुरूवार को दोपहर पश्चात स्कूलों के अवकाश देने के निर्देश प्रसारित किए गए। प्राथमिक एवं मध्यमिक शालाओं में इस दिन मध्यान्ह भोजन बच्चों को खिलाने के बाद जिलेभर के विद्यालय में अवकाश दे दी गई।

## खबर संक्षेप

### प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर एवं प्रबंधकारिणी समिति की अध्यक्ष श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय परिसर में होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रबंधकारिणी समिति के पदेन सचिव डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में खनिज न्यास योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन तथा अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### 44 मिर्गी रोगियों को दवा का वितरण



**अनूपपुर।** मंगलवार को मिर्गी रोगियों का फॉलोअप सहायता बैठक जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। जिसमें एम्स दिल्ली के डॉ. हेमंत शर्मा द्वारा कुल 44 मिर्गी रोगियों का जांच कर फॉलोअप किया गया। इस बैठक में रोगियों की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की गई और उन्हें एक माह की दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर काउंसलर द्वारा रोगियों को उचित स्वास्थ्य सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक का उद्देश्य रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी स्थिति में सुधार लाना है। बैठक में जिला चिकित्सालय के डॉ. प्रवीण सोनी, प्रभा सिंह एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के जिला समन्वयक विनय कुमार विश्वकर्मा, जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के काउंसलर पवन गुप्ता, लक्ष्मी पाटकर, वैभवी दुबे, रोशनी राठौर आदि उपस्थित रहे।

## रोज रात को वार्ड में मवेशियों का जमावड़ा



कचहरीपारा में मवेशियों का झुंड।

■ पार्षद एवं पूर्व गौठान अध्यक्ष धीरज ने जताई आपत्ति

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका के कचहरीपारा वार्ड में रोज शाम और रात को आवारा मवेशियों का भारी जमावड़ा लग रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है न केवल सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है, बल्कि बच्चों और दोपहिया चालकों के लिए यह स्थिति दुर्घटनाओं को न्योता बनती जा रही है। इस स्थिति पर वार्ड पार्षद एवं पूर्व गौठान अध्यक्ष धीरज शिवहरे ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा गौठानों की व्यवस्था को लेकर की जा रही लापरवाही के चलते ही मवेशी खुले में घूम रहे हैं। शाम-रात होते ही यह मवेशी सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा हो जाते हैं, जिससे स्थानीय व्यवस्था चरमरा जाती है। पार्षद श्री शिवहरे ने नगर पालिका से मांग की है कि गौठान संचालन में गंभीरता लाई जाए और मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौठानों में रखा जाए। उन्होंने कहा कि जब तक आवारा मवेशियों की प्रभावी निगरानी नहीं की जाएगी, तब तक शहरवासी इस प्रकार की समस्याओं से जूझते रहेंगे।

## गेजबांध के गड्ढे से बढ़ी परेशानी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के विभिन्न पंचायतों सरकार के दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर कई छोटे-मोटे कार्यो को पूरा कर लिया जाता है, इस पर ज्यादा कोई ध्यान नहीं देता, लेकिन आधा-अधूरे कार्य बाद में लोगों की परेशानी का कारण बन जाता है। इसी तरह का हाल बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत चेरवापारा पंचायत अंतर्गत देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत क्षेत्र में स्थित गेजबांध के उपरी हिस्से में जगह-जगह गड्ढे हो गए थे, जिन्हें पाटने के लिए गड्ढों वाली जगहों पर मुरूम डालकर गड्ढों को पाटा गया, जिसे अच्छे तरह से बराबर भी नहीं किया गया। अब बरसात के दौरान गड्ढे जहां मुरूम डाला गया है, वहां ऊंचा-नीचा हो गया। एक बार देखने से तो ऐसा लगता है कि गड्ढों वाली जगह पर मुरूम डालकर फैला दिया गया। इस कारण बरसात के दौरान गेजबांध के उपरी हिस्से से आवागमन करने में गड्ढों को भरने की लापरवाही साफ देखा जा सकता है।



## ब्लास्टिंग से डोला के ग्रामीण दहशत में, घरों में दरारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

रामनगर थानाक्षेत्र स्थित राजनगर (ओसीएम) कोल माइंस द्वारा की जा रही अनियंत्रित ब्लास्टिंग ने डोला नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 12 के ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। 10 जुलाई को ग्रामीणों ने रामनगर थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर अपने मकानों में दरारे पड़ने और जानमाल की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता भी जताई थी।

शिकायतकर्ता गोविंद प्रजापति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बताया कि 10 जुलाई की दोपहर लगभग 1 बजे ओसीएम माइंस द्वारा की गई भारी ब्लास्टिंग से वार्ड 12 के कई घरों की दीवारें हिल गई़ं और उनमें दरारें पड़ गई़ं। इस विस्फोट से कच्चे और पक्के दोनों तरह के मकानों की संरचना को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के पशु डर के मारे इधर-उधर भागने लगे, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घरों की छतें तक हिल गईं और दीवारों में बड़ी दरारें आ गई़ं। कई मकान अब रहने योग्य नहीं बचे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

ग्रामवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और अपनी मांगे रखी है, इसमें ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, प्रभावित मकानों का सर्वे कराकर मुआवजे और पुनर्वास की व्यवस्था की जाए, खदान प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई की जाए, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विज्ञानसम्मत निगरानी प्रणाली लागू की जाए। ग्रामवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और खनन विभाग इस विषय पर जल्द ध्यान नहीं देते हैं, तो वे जिला मुख्यालय में धरना और विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, किसानों के नुकसान की भरपाई की मांग

# बैमा समिति से मिली डीएपी खाद जांच में अमानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला सहकारी समिति मर्यादित बैमा द्वारा किसानों को वितरित की गई डीएपी खाद की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। किसानों की शिकायत के बाद की गई प्रारंभिक जांच में खाद अमानक पाई गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

किसानों ने बताया कि जो खाद उन्हें समिति से मिली है, वह न केवल कम गुणवत्ता वाली थी, बल्कि उसमें मिट्टी और मुरूम की मिलावट भी पाई गई। यह खाद 20-20-00-13 श्रेणी की बताई जा रही है, जिसका उपयोग करने के बाद भी फसलें ठीक से विकसित नहीं हो सकीं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव, मुख्तार अहमद, विकास श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोगों ने कोरिया कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि खाद की पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा दोषी अधिकारियों और आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि जिन किसानों को खराब खाद दी गई, उनके नुकसान की भरपाई की जाए। किसानों का कहना है कि न केवल उन्हें अमानक खाद दी गई, बल्कि समय पर पर्याप्त खाद भी नहीं मिल पाया, जिससे उन्हें बुवाई में देर करनी पड़ी और फसलों की स्थिति बिगड़ गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रशासन मौके का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करें और भविष्य में खाद वितरण की व्यवस्था पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित की जाए।



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी।

### खाद की बनी हुई है किल्लत

किसानों का आरोप है कि उन्हें जो 20-20-00-13 उर्वरक मिला है, उसमें मिट्टी और मुरूम की भारी मात्रा में मिलावट पाई गई है, जिससे उनकी फसलें तैयार नहीं हो पा रही हैं। किसानों का कहना है कि ना केवल खाद की गुणवत्ता बेहद खराब है, बल्कि समिति द्वारा समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही, जिससे खेती में भारी दिक्कतें आ रही हैं। कई किसान मजबूरी में बिना खाद के ही बुवाई कर रहे हैं, जिसके कारण फसल की उपज और स्थिति दोनों ही बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

# घायल गौवंश रात भर भीगता रहा सड़क किनारे

**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी नाका पेट्रोल पंप के सामने सोमवार रात एक बार फिर संवेदनहीनता करने वाला दृश्य सामने आया। पशुपालकों की लापरवाही और आम नागरिकों की संवेदनहीनता के चलते एक गौवंश सड़क हादसे में घायल होकर रात भर सड़क किनारे भीगता रहा, लेकिन किसी ने भी मदद की कोशिश नहीं की।



■ किसी ने नहीं दिखाई संवेदना

गंभीर रूप से घायल यह गौवंश घंटों बारिश में भीगता रहा, न तो किसी राहगीर ने उसकी सुध ली, न ही आसपास के लोगों ने कोई प्रयास किया कि उसे सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। यह दृश्य इस बात को दर्शाता है कि बैकुंठपुर में मानवता लगभग समाप्त सी हो गई है। सुबह नगर पालिका की टीम को जब सूचना मिली तो एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता की पहल पर घायल गौवंश को टीपर गाड़ी में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उपचार कराया गया। पशु चिकित्सकों ने बताया कि गौवंश को गंभीर चोट नहीं है, केवल रातभर भींगने के कारण उसे बुखार आ गया है, जो दो दिनों में ठीक हो जाएगा। स्थानीय नागरिक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को अब केवल दूध चाहिए, गाय को प्यार और देखभाल की नहीं। सड़क पर छोड़ देते हैं, जहां ये बेजुबान दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। इस घटना ने एक बार फिर समाज के उस बेरुखे चेहरे को उजागर किया है, जो बेजुबानों की पीड़ा को अनदेखा कर देता है। समय आ गया है कि नागरिक, प्रशासन और पशुपालक सभी मिलकर अपनी जिम्मेदारियों को समझें और पशुओं की सुरक्षा व देखभाल के लिए संवेदनशील बनें।

## खबर संक्षेप

### निरीक्षक रूपेश ने जयनगर थाना प्रभारी का पदभार संभाला



**बिश्रामपुर।** एसएसपी सूरजपुर द्वारा हाल ही में पुलिस महकमे में किए गए बड़े फेरबदल के बाद जयनगर थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किए गए निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का ने सोमवार 14 जुलाई की देर शाम जयनगर थाना पहुंचकर पदभार संभाल लिया है।श्री रूपेश यहां से पहले चांदनी थाना प्रभारी थे।मूलतः जशपुर जिले के कुनकुरी निवासी रूपेश कुंतल ने सन 2008 में बतौर सब इंस्पेक्टर पुलिस सेवा में भर्ती हुए,वे सन 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं।उन्होंने इस दौरान सरगुजा से अपनी नौकरी की शुरुआत की, फिर बलरामपुर बस्तर, सूरजपुर में पदस्थ रहे।जिले में बतौर प्रभारी वे प्रेमनगर,श्रीनगर,चांदनी सँभालने के बाद जयनगर थाना का प्रभार उन्हें सौंपा गया है।नवपदस्थ थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधों का रोकथाम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

### छात्रावास में नपं अध्यक्ष ने उपलब्ध कराया सेनेटरी वेंडिंग मशीन



**लखनपुर।** लखनपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 स्थित बालिका छात्रावास में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, मुख्य अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने सेनेटरी पैड डिस्पोज हेतु सेनेटरी वेंडिंग मशीन इंसीनेटर का वितरण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक बालिका छात्रावास की अधीक्षिका द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष सेनेटरी पैड डिस्पोज को लेकर हो रही परेशानी से अवगत कराया गया था। स्वच्छता के दृष्टिगत तत्काल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू और सीएमओ विद्यासागर चौधरी द्वारा दो नग सेनेटरी वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही साथ ही छात्रावास के बालिकाओं को सेनेटरी वेंडिंग मशीन से अवगत कराते हुए इस्तेमाल हुए सेनेटरी पैड नष्ट करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान पार्षद दिनेश साहू, शमीम खान, अमित बारी, सचिन अग्रवाल, छात्रावास अधीक्षिका कर्मचारी और छात्राएं मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी परीक्षा में की गई धांधली एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर के भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में संगठित नकल करने के विरोध एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में अग्रसेन चौक में विरोध प्रदर्शन किया। रविवार को बिलासपुर के एक परीक्षा केन्द्र में हाईटेक उपकरणों का उपयोग करते हुए नकल करते और उसमें सहयोग करते 2 युवतियों को पकड़ा गया था। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि परीक्षा में घोटाला दिन प्रतिदिन हो रहा है 17 परीक्षा केन्द्रों में 40 लोगों के संगठित सहयोग से नकल की घटना को अंजाम दिया गया है। परीक्षा में नकल का मामला प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली की विफलता को उजागर करता है। एनएसयूआई पदाधिकारियों द्वारा दोषियों पर कठोर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जाकेश राजवाड़े, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजेश साहू, प्रदेश सचिव शाहरुख खान, लक्ष्मण राजवाड़े, प्रदेश सह सचिव लिवनेश सिंह, शिवम साहू, रूद्र प्रताप सिंह, उत्तम यादव, संतोष साहू, रेहान, गुलशन राजवाड़े, विनय सोनवानी, विष्णु साहू, नुमान अली, मनोज साहू, वारिश खान, विनय पैकरा, राहुल गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अरगोती में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरगोती शासकीय उमावि में 15 जुलाई को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला विक्रम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका यादव, मंडल अध्यक्ष रवि महंत, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह शामिल हुए। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को मुंह मीठा कराकर व तिलक लगा कर शाला प्रवेश कराया। इसके साथ ही उन्हें गणवेश और पुस्तक वितरण कर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने छात्रावास का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान प्रकाश खालको, मनोज केस, सरपंच मनबहाल, सचिव रामगोपाल साहू, दूधनाथ यादव, चंद्र बसु यादव, रितु एक्का, प्राचार्य जागेश्वर तिर्की, ज्ञान भूषण, आरपी यादव, मुकेश कुमार बारी, मकबरी, एसपी गोयल, बीके पटेल, प्रियंका मेहता, पियूष केवट, कमल कुजूर सहित अन्य मौजूद थे।

## एक महीने से ठप है रायपुर, बिलासपुर की फ्लाइट

# छह महीने में सरगुजा की हवाई सेवा की सौगात का हुआ बुरा हाल, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छह महीने के भीतर ही सरगुजा वासियों के सपने की उड़ान सेवा बदहाल हो गई है। देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से हवाई उड़ान की सेवा जारी है ले कि न अम्बिकापुर से रायपुर एवं बिलासपुर की फ्लाइट मानसून के खराब मौसम के कारण पिछले एक महीने से ठप पड़ी है। सेवा प्रदाता फ्लाई बिग ने बरसात के मौसम में दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान भरने से इंकार कर दिया है। फ्लाई बिग के रूख को देखते हुए बरसात खत्म होने के बाद ही उड़ान सेवा शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

- फ्लाई बिग ने 21 जुलाई तक फ्लाइट बंद रखने का जारी किया शेड्यूल

क्षेत्रवासियों की लगातार मांग पर शासन द्वारा बड़ी सौगात के रूप में 19 दिसम्बर 2024 के दिन अम्बिकापुर से रायपुर एवं बिलासपुर के लिए उड़ान सेवा की शुरूआत की गई थी। सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग ने प्रारंभ में सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट चलाने का शेड्यूल जारी किया था। कंपनी ने मार्च में शेड्यूल को बदलकर सप्ताह में पांच दिन फ्लाइट चलाने का निर्णय लिया लेकिन दूसरे ही सप्ताह शेड्यूल फ्लॉप हो गया जिसके बाद दिनों का हेरफेर कर सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट का संचालन प्रारंभ किया गया। बिना पूर्व सूचना अचानक फ्लाइट निरस्त करने के साथ अन्य तरह की मनमानियों से यात्रियों को हलाकान करने के बाद जून के तीसरे सप्ताह से फ्लाई बिग ने मानसून सत्र में दृश्यता कम होने का हवाला देकर फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया। फ्लाई बिग ने हाल ही में दूसरा शेड्यूल जारी कर भविष्य के खराब मौसम का अंदाजा लगाया है तथा 21 जुलाई तक फ्लाइट बंद रखने की घोषणा की है। फ्लाई बिग का कहना है कि बरसात के खराब मौसम में दृश्यता कम होने के कारण वह फ्लाइट का संचालन नहीं कर सकती। फ्लाई बिग द्वारा एक पखवाड़े पूर्व मौसम का अनुमान लगाने से मौसम विज्ञानी भी हैरान हैं।



### चाहिए 5 किमी की दृश्यता

जानकारों के अनुसार उड़ान सेवा के लिए पांच किमी की दृश्यता होना जरूरी है। यह भी सही है कि जून के अंत में लगातार रूक-रूक कर वर्षा होती रही लेकिन इस दौरान कई दिनों तक लगातार धूप निकली। कई दिन मामूली वर्षा होने के बाद मौसम साफ हो गया। बारिश होने के बावजूद दृश्यता ठीक रही। जानकार फ्लाई बिग के पास कम संसाधन होने एवं नए-नए हवाई मार्गों पर फ्लाइट चलाने की स्वीकृति लेकर बारी-बारी से सभी मार्गों पर फ्लाइट चलाने की खानापूर्ति कर रही है। फ्लाई बिग की खानापूर्ति से परेशान क्षेत्रवासी आवश्यक संसाधनों की पड़ताल किए बिना इस तरह की कंपनियों को उड़ान सेवा का लाइसेंस देने को लेकर डीजीसीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे है।

### 4 जहाज के बल पर आधा दर्जन रूट

जानकारों के अनुसार फ्लाई बिग के पास मात्र चार जहाज हैं जिसमें एक जहाज प्रायः खराब रहती है। दूसरी तरफ इन्ही जहाजों के दम पर रिजनल एयर लाइन फ्लाई बिग छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में विभिन्न मार्गों पर फ्लाइट का संचालन कर रही है। हाल ही में फ्लाई बिग ने खजुराहो-दतिया-भोपाल मार्ग पर फ्लाइट चलाने की जिम्मेदारी ली है। नई जिम्मेदारी लेने के पूर्व से ही अम्बिकापुर-रायपुर एवं अम्बिकापुर-बिलासपुर की फ्लाइट बंद है। खराब मौसम होने के बावजूद वर्तमान में फ्लाई बिग दतिमा-भोपाल एवं रीवा-भोपाल मार्ग पर नियमित फ्लाईट का संचालन कर रही है। फ्लाई बिग द्वारा जिस तरह खराब मौसम का अनुमान लगाया जा रहा है, निकट भविष्य में रायपुर, बिलासपुर की फ्लाइट शुरू होने की संभावना नहीं है।

### 21 तक बंद रहेगी सेवा

फ्लाई बिग ने 21 जुलाई तक फ्लाइट बंद रखने का शेड्यूल जारी किया है। शेड्यूल में खराब मौसम एवं दृश्यता कम होने का हवाला दिया गया है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट

## यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर खदान के कर्मचारी शिवाराम राजवाड़े के 22 वर्षीय पुत्र अजय राजवाड़े ने कुमदा कॉलोनी स्थित कम्पनी आवास वन बी 50 नंबर क्वार्टर में सोमवार को दुपट्टा से फांसी लगा आत्महत्या कर ली है।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र अजय राजवाड़े बिलासपुर में रहकर यूपीएससी की कोचिंग कर परीक्षा की तैयारी कर रहा था,अभी बीस दिनों पूर्व ही वह उसके कुमदा कॉलोनी स्थित क्वार्टर रहने आया था।शनिवार 12 जुलाई को उसने अपने पुत्र को घर पर ही रहने बोलकर अपने गृह ग्राम परसिया थाना ओड़गी गया था, दूसरे दिन उसने अपने पुत्र से मोबाइल पर बात किया तो उसके पुत्र ने बताया कि मैं घर पर ही हूं।14 जुलाई की रात को करीब 8 बजे जब कॉलरी कर्मी क्वार्टर लौटा तो पाया कि क्वार्टर का दरवाजा बंद है,आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं मिलने पर जब वह खिड़की से झांक कर देखा तो पाया कि उसका पुत्र अजय दुपट्टे का फंदा बना उसमें लटका हुआ है।तब उसने पास पड़ोसियों को बुलाकर किसी तरह दरवाजा खोल पहले फंदे पर लटके बेटे को उतारा और मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।पुलिस आत्महत्या के कारण की जांच कर रही है।पुलिस ने बताया कि मृतक तीन भाई और तीन बहन हैं, मृतक अपने पिता का मझला बेटा था।

### नवविवाहिता ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** नवविवाहिता ने अज्ञात कारण से घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजन विवाहिता को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी 20 वर्षीय बसंती सिंह लगभग 3 साल पूर्व ग्राम सखौली निवासी राम दयाल से प्रेम विवाह की थी। गत दिन घरेलू बाद को लेकर पति व पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद से नाराज हुई बसंती ने कमरे में जाकर पंखा के सहारे साड़ी से फांसी लगा ली। इधर परिजन किसी तरह उसे फांसी से उतार तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर करें त्वरित अमल : कलेक्टर



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। कलेक्टर ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री द्वारा विगत प्रवास के दौरान किए गए महत्वपूर्ण घोषणाओं के वर्तमान वस्तुस्थिति पर समीक्षा की और इनके प्रभावी क्रियान्वयन व कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत अग्रिम कार्रवाई हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिले अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए तथा प्रगति की नियमित रूप से जानकारी देने की बात कही। श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिले में अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को निर्देश दिये। इस योजना के माध्यम से श्रमिकों को पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाना है। पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक कार्ड दिखाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। कलेक्टर ने ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ लेने हेतु श्रमिक अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप संचालक कृषि से खाद व बीज से के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई और कृषकों को सुलभता के साथ खाद व बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

### करमपुर गांव में सूने मकान में चोरी करने मामले में एक आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ग्राम करमपुर में सुने मकान में चोरी करने मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम करमपुर निवासी प्रार्थी दीपक सोनी ने पिछले दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून को घर में ताला बंद कर परिवार सहित रायपुर गया था,13 जुलाई को जब वापस घर लौटा तब देखा कि छत का एडवेस्टर शीट टूटा हुआ है।अज्ञात चोर घर में घुसकर बर्तन के अलावा अलमारी व बक्शा को तोड़कर सोने चांदी के जेवर व नगदी रकम चोरी कर ले गए हैं। विवेचना के दौरान पुलिस ने गांव के संदेही 19 वर्षीय गौरव उर्फ कुमार गौरव पिता हरवंश चेरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया। पूछताछ पर युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर बताया कि चोरी के सामान को घर में छिपाकर रखा है। आरोपी की निशानदेही पर बर्तन व सोने चांदी के आभूषण को जब्त किया गया एवं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।उक्त कार्यवाही में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक सोहरलाल पावले,आरक्षक आसिफ अख्तर सक्रिय रहे।



## शिवनन्दनपुर फ़ौजी गली में मेनलाइन केबल जल जाने से 14 घंटे रहा ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की मध्यरात्रि करीब डेढ़ बजे नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक-2 फौजी गली में ट्रांसफार्मर समीप तेज आवाज़ के बाद पुरे मोहल्ले में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।आधी रात को अचानक धड़ाम की आवाज आई और कुछ ही पलों में पुरे मोहल्ले में अंधेरा छा गया।इस दौरान रात्रि ड्यूटी में कार्यरत विद्युत कर्मचारियों ने मौके पर जाकर रिपेयर करने की कोशिश की लेकिन फॉल्ट पता नहीं चल पाने के कारण मरम्मत कार्य को मध्य रात्रि अधूरा छोड़ दिया गया,अगले दिन मंगलवार की सुबह डुयटी बदलने के बाद संयुक्त दल ने सहायक अभियंता के साथ मिलकर पुनः फॉल्ट खोजने की कोशिश की, कुछ घंटों बाद पता चला कि ट्रांसफार्मर समीप मेन लाइन का केबल जल गया है।तत्पश्चात मंगलवार की दोपहर को केबल बदलने का कार्य किया गया, इस दौरान करीब 14 घंटे गुजर गये,पुरे मोहल्ले में ब्लैक आउट रहा, उमस भरी गर्मी में वार्ड क्रमांक 2 के निवासी रात भर परेशान रहे,अगली सुबह रोजमर्रा की चीजों के लिए भी वार्ड वासियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी, पीने व नहाने के पानी के लिए लोग बर्तन व बाल्टीयाँ लेकर दूसरे जगह से ट्रांसपोर्ट का सहारा लेकर अन्य मोहल्लों से पानी की व्यवस्था की।स्थानीय लोगों ने सहायक अभियंता से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 2 में नई अंडरग्राउंड केबलिंग,लोड के अनुसार ट्रांसफार्मर अपग्रेडेशन किया जाना चाहिए।इस सम्बन्ध में विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि सूचना मिलते पर फ़ौजी गली में मरम्मत कार्य शुरू कराया गया एवं मंगलवार की दोपहर तक केबल बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है।घटना सोमवार की देर रात होने व बारिश होने के कारण फॉल्ट पता करने में देरी हो गई जिससे मरम्मत कार्य में कुछ वक़्त लग गया।

- सोमवार की देर रात ब्लास्ट की आवाज़ के साथ विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के बाद मंगलवार की दोपहर करीब 4 बजे हो पाई बहाल
- पीने व नहाने के पानी के लिए परेशान दिखे वार्डवासी




## स्थानीय लोगों के सहयोग से कांग्रेसी कार्यकर्ता समूह बनाकर करेंगे रात्रि गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर समेत आसपास इलाके में लगातार बढ़ती चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने आज मंगलवार को बिश्रामपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही अब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा खुद ही नगरवासियों के सुरक्षागत दृष्टिकोण से टोली व समूह बनाकर रात्रि गश्त किए जाने का भी निर्णय लेने की बात कही गई है।

मंगलवार को बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर को दिए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर क्षेत्र में चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है,लगातार हो रही चोरियों से समाज में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। पिछले कुछ दिनों में घटित आपराधिक घटनाओं में किसी तरह की ठोस पुलिसिया कार्यवाही नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं,ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में एसईसीएल के डबल स्टोरी बी टाइप कालोनी में मुख्यमंत्री के निज सहायक रविकांत मिश्रा के सुने मकान में भी चोरी होने से कॉलोनीवासी खुद को अब असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इसके अलावा डिपार्टमेंटल कालोनी का एक स्कूली छात्र के रहस्यमय ढंग से गायब होने मामले में भी पुलिस आज तक कोई पता नहीं लगा पाई है, ऐसी स्थिति में कॉलोनीवासियों की मांग पर कांग्रेसियों द्वारा नगरीय निकाय बिश्रामपुर में नागरिकों के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से टोली व समूह बनाकर रात्रि गश्त करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन में पुलिस से नगर की सुरक्षा व्यवस्था और चोरी के अलावा अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग भी की गई है।ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व नपं अध्यक्ष आशीष यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह महामंत्री अनुपम फिलिप, पूर्व एल्डरमैन दिलीप सोनी, विकास सिंह,अभिषेक सिंह सोमू व अन्य उपस्थित थे।

- क्षेत्र में निरंतर हो रही आपराधिक घटनाओं के कारण लिया गया निर्णय, करेंगे पुलिस का सहयोग

## पिता की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री के निज सहायक रवि मिश्रा के घर रविवार को हुई चोरी मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने रवि मिश्रा के पिता रतिपाल मिश्रा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए), 331(3) का अपराध दर्ज कर लिया है।दर्ज रिपोर्ट में कुल 75 हजार रुपये की चोरी बताई गई है, इसमें मुख्य रूप से एक जोड़ी पायजेब, चार जोड़ी चांदी की पायल,एक दर्जन चांदी के सिक्के,एक नग चांदी की लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति, एक नग फोसिल कंपनी की घड़ी एवं 45 हजार रुपये नगदी सहित कुछ घरेलू समानों की चोरी होना बताया गया है।

घटना रविवार 13 जुलाई की बताई गई है।आज मंगलवार को दूसरे दिवस भी पुलिस के हांथ इस मामले में खाली बताए गए हैं।इधर बिश्रामपुर थाने में अच्छे विवेचकों सहित पुलिस बल की कमी के कारण अपराध का ग्राफ बढ़ने की बात सामने आने पर सूरजपुर एसएसपी ने बिश्रामपुर थाने में सोमवार को ही तीन एएसआई की पदस्थापना कर दी है,साथ ही पर्याप्त बल उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया है।

अलग अलग थानों में पदस्थ तीन सहायक उपनिरीक्षक जयनगर थाने में पदस्थ एएसआई विशाल मिश्रा,कुदरगढ़ चौकी प्रभारी एएसआई गुड्डु कुशवाहा,उमेश्वरपुर चौकी प्रभारी बिशुनदेव पैकरा की पोस्टिंग एसएसपी ने बिश्रामपुर थाने में करते हुए यहां व्यवस्था सुधारने की कवायद की है।साथ ही सभी को पुराने लंबित चोरी,चैन स्नेचिंग सहित लंबित अपराधों में बदमाशों के धरपकड़ और लंबित मामलों के निकासी में लगाया गया है।

- कुल 75 हजार रुपये की चोरी होने की लिखाई गई रिपोर्ट
- दूसरे दिन भी नहीं लग सका मामले का कोई सुराग

### एसपी बंगला व कम्पनी सुरक्षा अधिकारी के आवास समीप हुई चोरी,अज्ञात बदमाशों का बढ़ता साहस

सीएम के ओएसडी का आवास बी 27 एसईसीएल महाप्रबंधक के बंगला से लगा हुआ है इसी के बाजू टूए कॉलोनी है।जहां एसईसीएल के कई अधिकारी रहते हैं।मात्र कुछ ही दूरी पर एसपी बंगला है एवं एसईसीएल कम्पनी के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी का आवास भी है, साथ ही सूरजपुर जिला न्यायालय के न्यायाधीश सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी वारदात स्थल के पांच सौ मीटर के आसपास ही निवास करते हैं।इसके बावजूद चोरों ने साहस करते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, अज्ञात बदमाश पिछले दिनो डीएवी शिक्षिका से इवनिंग वॉक के दौरान उनके गले से सोने का चैन लुट भाग निकले थे।बीस दिनों बाद सीएम के ओएसडी के यहां चोर साहस कर सामने का ताला तोड़ घुस गए और किसी को भनक तक नहीं लगी।बताया जाता है कि चोरी और चैन स्नेचिंग की वारदात में स्थानीय चोर बदमाश प्रवृति के लोग ही शामिल हैं जो दिन में सुने घरों की रेकी करते हैं और फिर मौका देख हाथ साफ करते हैं। लगातार बढ़ते अपराध के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौक चौराहों में सीसी टीवी की स्थापना नगर पंचायत मद से करने की मांग भी स्थानीय लोगो ने की है।

## आरटीई के तहत जानकारी मांगने पर केवरा सचिव ने रजिस्ट्री से भेजे कोरे पन्ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

राज्य सूचना आयोग एवं उच्च न्यायालय के कड़े निर्देशों के बावजूद जिम्मेदार सूचना के अधिकार अधिनियम की जमकर अवहेलना कर रहे हैं तथा पूर्व में हुई गड़बड़ियां उजागर न हो इसलिए अधिनियम के तहत जानकारी देने से बचने के लिए अनोखे तरीके अपना रहे हैं। आरटीआई के तहत ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों, बिल-वाउचर सहित अन्य जानकारी मांगने पर ग्राम पंचायत केवरा द्वारा एक पृष्ठ की कार्रवाई के साथ सादे पन्ने भेजे गए हैं।

नगर के महेंद्र गुप्ता ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत केवरा, बोझा, रामपुर, खड़गवां कला, बड़वार, घाट पेंडारी अंजनी, खैराडीह, सौंतार, कोटेया, बैकोना एवं घोंघा से वर्ष 2020 से 2023 के मध्य किए गए विकास कार्यों, उनसे संबंधित बिल-वाउचर सहित योजनाओं की जानकारी मांगी थी। अधिकांश ग्राम पंचायतों ने पंजीकृत डाक से मांगी गई जानकारी भेजी है। महेंद्र गुप्ता ने ग्राम पंचायत केवरा द्वारा भेजी गई जानकारी का लिफाफा खोला तो एक पन्ने का कार्यवाही विवरण एवं कोरे कागजों का पुलिंदा निकला। उन्होंने पंचायत की इस पहल को आर्थिक अनियमितता की सूचना छिपाने की साजिश बताया है तथा अन्य ग्राम पंचायतों से मिली जानकारी का लिफाफा जिला प्रशासन या सूचना आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोलने का निर्णय लिया है।



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल



हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।




# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी है, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।



**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन



अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नम: शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### अब तक 394.8 मिमी वर्षा दर्ज

मनेन्द्रगढ़। जिले में मानसून ने अपनी पूरी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में हरियाली की उम्मीदें हरी हो गई हैं और किसान खरीफ फसलों की बुवाई को लेकर आशावान हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 12.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 1 जून से 15 जुलाई तक जिले में कुल औसत 394.8 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है जो खरीफ खेती के लिए अनुकूल मानी जा रही है। तहसीलवार ऑकड़ों पर नजर डालें तो कोटाडोल ने सर्वाधिक 521.6 मिमी वर्षा के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। भरतपुर 453.7 मिमी वर्षा के साथ दूसरे स्थान पर रहा, इसके अलावा चिरमिरी में 391.2 मिमी, खड़गवां में 371.9 मिमी, मनेन्द्रगढ़ में 322.2 मिमी और केल्हारी में 305.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में हो रही लगातार बारिश से किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। अब तो खेतों में बोआई कार्य भी तेज होने लगी है। साथ ही आने वाले दिनों में मौसम की अनुकूलता बनी रही तो इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

### अपर कलेक्टर को सौंपी गई भरतपुर न्यायालय की जिम्मेदारी

मनेन्द्रगढ़। जिले के विकासखंड भरतपुर के नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने नवपदस्थ अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को भरतपुर स्थित अपर कलेक्टर न्यायालय की जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय से अब भरतपुर ब्लॉक के रहवासियों को न्यायिक एवं



प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विनायक शर्मा भरतपुर अनुविभाग में नियमित रूप से जनदर्शन के माध्यम से आमजनो की समस्याएं सुनेंगे और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जनदर्शन प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अपर कलेक्टर न्यायालय की कार्रवाई दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भरतपुर स्थित राजस्व कार्यालय में संपन्न होगी।

### मजदूर कांग्रेस व सहायक मंडल अभियंता के साथ हुई बैठक

अनूपपुर। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा पेण्ड्रारोड द्वारा अपने पंचशील कार्यक्रम के तहत रेलवे कालोनी में शाखा के अंतर्गत छुलहा जैतहरी से खोंगसरा तक रोड़ साइड स्टेशन व रेलवे कार्यालय, कालोनी पदयात्रा, रेल कर्मचारी जनसंपर्क कर रेल कर्मचारियों के समस्याओं को प्राप्त कर रेल प्रशासन से चर्चा करके निराकरण करती है। मजदूर कांग्रेस शाखा पेण्ड्रारोड़ के शाखा सचिव एन हेमंत कुमार ने बताया कि विगत दिनों पदयात्रा व रेल कर्मचारी जनसंपर्क यात्रा के दौरान रेलवे कर्मचारियों से प्राप्त समस्याओं को लेकर लिखित ऐजेंडा 25 अप्रैल को सहायक मंडल अभियंता पेण्डारोड़ को दिया गया था।

## निधन

### श्रीमती माया सोनी

मनेन्द्रगढ़। श्रीमती माया सोनी पत्नी राजकुमार सोनी का मंगलवार को



रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। स्व. सोनी 56 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती सोनी बादल सोनी की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को प्रातः 11 बजे बस स्टैंड स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

### धूल और बारिश में कीचड़ से परेशान हैं राहगीर

# पांच साल बाद भी अधूरी है प्रतापपुर राजपुर की निर्माणाधीन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर-राजपुर की निर्माणाधीन सड़क अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क निर्माण शुरू हुए पांच साल हो गए बावजूद इसके आज तक सड़क निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 90 करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क के आधा अधूरा होने से राहगीर गर्मी के दिनों में धूल से तो बारिश होने से कीचड़ से परेशान है। यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख लाइफ लाइन माना जाता है, लेकिन जिस तरह से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन के लिए अभी और भी इंतजार करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- 90 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

प्रतापपुर से लेकर राजपुर की सड़क पर हर रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। सड़क से भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क की हालत दयनीय हो जाने तथा दो पहिया व चार पहिया वाहन सवार को हो रही परेशानी के मद्देनजर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। लगभग 30 साल बाद जर्जर सड़क का कायाकल्प 90 करोड़ की लागत से शुरू की गई। सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में बेहतर आवागमन के लिए सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी लेकिन लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब पांच साल भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सकी। ऐसे में अब ठेकेदार द्वारा कछुआ की चाल से कराए जा रहे निर्माण राहगीरों के लिए आफत बन चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण कार्य पिछले लगभग चार साल से चल रहा है, लेकिन आज तक न पूर्ण हो सकी है और न ही निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार हो सका। हालांकि काफी हद तक सड़क कार्य हो चुके है लेकिन कई जगह काम चल रहा है जिससे लोगों आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतापपुर विकासखंड में बन रही है सड़क निर्माण। का आधा कार्य बलरामपुर डिवीजन के अंतर्गत है तथा आधा कार्य सूरजपुर डिवीजन के अंतर्गत है। ऐसे में कमीशन खोरी के वजह से ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से 90 करोड़ की लागत से बन रही सड़क और पुल निर्माण गुणवत्ता विहीन कराए जा रहे है। इधर जिम्मेदार अधिकारी मौके पर न ही निरीक्षण करते है न कोई इंजीनियर विभागीय तौर मौके पर देखे जाते है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क के अधूरे होने से गर्मी के दिनों में राहगीरों को धूल के गुब्बार तो बारिश होने पर कीचड़ के बीच आवागमन करने को मजबूर है।



पुलिया व नाली बनाने के लिए खोले गए गड्ढे।

#### गुणवत्ता का नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराया जा रहा है। रात के अंधेरे में ही नाली निर्माण करा दिया गया। ऐसे में सीमेंट की मात्रा कम होने से संरचना की मजबूती संदिग्ध हो चुकी है। सरिया का उपयोग न के बराबर किया गया है और जहां किया गया है, वहां उसका अंतर स्पेस मानकों से अधिक है। कंक्रीट मिश्रण का अनुपात असंतुलित है। ऐसे में नाली टिकाऊ है या नहीं इस पर भी सवाल उठने लगे है।

#### पुलिया के पास नहीं सूचनात्मक बोर्ड

सड़क के बीच-बीच में जहां पुलिया निर्माण अधूरा पड़ा है, वहां भी लापरवाही देखने को मिल रही है। निर्माणाधीन पुलिया के पास न तो कोई सूचनात्मक बोर्ड लगाया गया है, न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग या संकेत है। सुरक्षा संकेत नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। दिन के समय तो वाहन सवार को ज्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन रात में सफर करने वाले लोगों के लिए मार्ग काफी खतरनाक हो जाता है। निर्माणाधीन पुलिया के आसपास सूचनात्मक बोर्ड नहीं लगाए गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### लोगों में आक्रोश जांच की मांग

क्षेत्रवासियों में विभाग और ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से केवल नाम मात्र के निर्माण तक सीमित है। लोगों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### जांच के लिए करेंगे निर्देशित

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से इस संबंध में कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करती हूं। अच्छा सड़क बन सके इसके लिए कलेक्टर से चर्चा कर सड़क की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

# 75 से अधिक ग्राम पंचायतों में बैंकिंग की सेवाएं




बैकुण्ठपुर। शासन की महत्वाकांक्षी योजना अटल डिजिटल सेवा केन्द्र अब कोरिया जिले के ग्रामीण अंचलों में आवश्यकताओं की पूर्ति का सरल और प्रभावी माध्यम बनते जा रहे हैं। जिले की 75 से अधिक ग्राम पंचायतों में संचालित इन केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा, प्रमाण पत्र, पंजीयन एवं अन्य आवश्यक डिजिटल सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हो रही हैं।

गांव में बैंक जैसी सुविधा मिलने लगी है। बिना लाइन, बिना समय गंवाए। जनपद बैकुंठपुर के ग्राम गिरजापुर निवासी श्रीमती कुसुम साहू ने बताया कि उन्हें खेती के लिए दो हजार रूपए की जरूरत थी, जिसे निकालने वे बैंक न जाकर पंचायत भवन स्थित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र पहुंची और आधार आधारित बैंकिंग से आसानी से राशि आहरित की। उन्होंने कहा कि अब गांव में ही बैंक, बीमा और प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं मिल रही हैं, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है।

#### सेवाओं की लंबी सूची सब एक ही छत के नीचे

आधार आधारित डीजी पेमेंट व कियोस्क बैंकिंग, किसान पंजीयन, फसल व जीवन बीमा पैन कार्ड बनवाना, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, मोबाइल और टीवी रिचार्ज, बीमा पॉलिसियों का ग्राम स्तर पर पंजीयन आदि कार्य होने लगा है। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों की स्थापना तीन चरणों में की गई। पहले चरण में बैकुंठपुर व सोनहत की 10-10 तथा खड़गवां की 3 पंचायतें, दूसरे चरण में प्रत्येक जनपद की 11-11 पंचायतें, तीसरे चरण में बैकुंठपुर की 16 और सोनहत की 6 पंचायतें, प्रशासनिक नेतृत्व में तेजी से बढ़ रही डिजिटल पहुंच। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप व कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

# बिहान योजना अंतर्गत सीआईएफ का 100 प्रतिशत वितरण

बैकुण्ठपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना में कोरिया जिले ने एक और उपलब्धि हासिल की है। सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) के शत-प्रतिशत वितरण के साथ कोरिया प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जिसने निर्धारित लक्ष्य को तय समय-सीमा से पूर्व ही पूर्ण किया।

- कोरिया बना प्रदेश का पहला जिला

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा कोरिया जिले को 425 स्व-सहायता समूहों को 60,000 प्रति समूह की दर से कुल 2.55 करोड़ सीआईएफ वितरण का लक्ष्य दिया गया था। इस राशि को जिला और ब्लॉक स्तर की टीमों ने केवल दो माह में ही पूर्ण रूप से वितरित कर दिया। जिले के अधिकतर समूह कृषि कार्यों से जुड़े हैं और जून-जुलाई के दौरान बीज, खाद, मजदूरी जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें धन की आवश्यकता होती है, इसे ध्यान में रखते हुए मई माह में ही राशि वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिससे लगभग 2550 महिलाओं को उनकी आजीविका गतिविधियों के लिए समय पर वित्तीय सहायता मिल सकी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि बिहान टीम द्वारा समर्पण पूर्वक किए गए कार्यों का परिणाम है। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि निश्चित ही कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा और बिहान टीम इस उपलब्धि की हकदार हैं।

# 20 से शुरू होंगी परीक्षाएं

बैकुण्ठपुर। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने 20 जुलाई से शुरू हो रही आगामी परीक्षाओं के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन के लिए सभी जिला कलेक्टरों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस बार व्यापक बदलाव किए गए हैं। व्यापम अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले द्वारा जारी पत्र में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को मिलकर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पत्र के अनुसार, प्रत्येक जिले में परीक्षा संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के साथ-साथ एक उप पुलिस अधीक्षक या उससे उच्च स्तर के अधिकारी को जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। इनकी निगरानी में परीक्षा से जुड़ी संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। व्यापम द्वारा प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्रों पर एक तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा, जिसमें कम से कम एक पुलिसकर्मी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यह दल केवल परीक्षा कक्ष ही नहीं, बल्कि परीक्षा केन्द्र परिसर एवं मुख्य द्वार के बाहर तक भी निगरानी रखेगा। दलों को परीक्षा समाप्त होने के दो घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट समन्वयक केन्द्र में जमा करनी होगी।

#### अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश

परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचना अनिवार्य। मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनकर आएं और फुटवियर में चप्पल का ही प्रयोग करें। कान में किसी प्रकार के आभूषण पूरी तरह वर्जित हैं। परीक्षा शुरू होने के पहले 30 मिनट और समाप्ति के अंतिम 30 मिनट के दौरान परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना मना होगा।

# आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र के लिए 11 दिवसीय शिविर

बैकुण्ठपुर। जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों और जरूरतमंद नागरिकों को समय पर आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिवसीय विशेष शिविर अभियान की शुरूआत की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर ने जिले के विभिन्न संकुल स्तरों पर तत्काल शिविर आयोजित करने के आदेश जारी किए हैं। अभियान के तहत 30 जुलाई तक जिलेभर के संकुलों में शिविर लगाकर प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। बिशनपुर और सलका संकुल में आज लगाए गए शिविरों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया और दो दिवस में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी।

- 15 से 30 जुलाई तक संकुल स्तर पर लगाए जा रहे शिविर

#### बैकुंठपुर के अनुविभाग के इन स्थानों व तिथियों में लगेगी शिविर

17 जुलाई को बिशुनपुर, सरड़ी, खरवत, कोसमपारा आनी, 18 जुलाई को कन्या बैकुंठपुर, रामापुर बैकुंठपुर, मॉडल बैकुंठपुर, महलपारा, 21 जुलाई को जमगहना, तरगवां, 22 जुलाई को बालक पटना, सांवारावां कन्या पटना, बरदिया, 23 जुलाई को बरदिया, सोरगा, टेंगनी, 25 जुलाई को कटकोना, मुरमा, अंगा, 28 जुलाई को रनई डुमरिया, 29 जुलाई को छिंदिया, कुड़ेली, बुडार, 30 जुलाई को भखार, जामपानी एवं झरनापारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जानकारी दी कि इसी तरह सोनहत अनुविभाग में भी शीघ्र शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही दोनों एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निवास प्रमाण-पत्रों की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी जांच के बाद ही जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि हड़बड़ी में प्रमाण-पत्र बनाने से न केवल प्रशासनिक समस्याएं आती हैं, बल्कि लाभार्थियों का समय भी व्यर्थ होता है।

#### शिविर का उद्देश्य-सेवा को घर के करीब लाना

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि प्रमाण-पत्र की समय पर उपलब्धता विद्यार्थियों के प्रवेश और छात्रवृत्ति जैसे कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी कारण यह शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी संकुल प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदक को दस्तावेजों की पूर्ण जानकारी दें और यदि कोई दस्तावेज अधूरा हो तो समय पर सूचना देकर सुधार कराएं।

# बेलबहरा में विशेष कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ



मनेन्द्रगढ़। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विशेष कम्प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अभिनव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, जिससे वे आज के प्रतिस्पर्धी युग में कदम से कदम मिलाकर चल सकें। यह तीन माह का विशेष कोर्स छात्रों को कम्प्यूटर की मूलभूत जानकारियों से लैस करेगा। इसमें एमएस ऑफिस, टाइपिंग, इंटरनेट का उपयोग, प्रेजेंटेशन स्किल्स जैसे विषयों को अत्यंत व्यावहारिक तरीके से सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के पहले ही दिन छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां 50 से अधिक छात्रों ने इस प्रशिक्षण में भाग लेकर अपनी तकनीकी शिक्षा के प्रति उत्सुकता जाहिर की। इस योजना को धरातल पर उतारने में विद्यालय के प्राचार्य बलराज सिंह का सक्रिय सहयोग और प्रेरणा सर्वोपरि रही।

# साहित्यकार राम प्यारे रसिक की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा के मूर्धन्य साहित्यकार स्व.राम प्यारे रसिक की द्वितीय पुण्यतिथि पर हिन्दी साहित्य पारिषद द्वारा सेवा निवृत्त प्राचार्य बबन पाण्डेय, वरिष्ठ साहित्यकार बीडी लाल, पार्षद श्रीमती प्रियंका गुप्ता के आतिथ्य तथा परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद हर्ष की अध्यक्षता में भारतेंदु भवन में काव्य गोष्ठी हुई। पुण्यतिथि पर साहित्यकारों स्व.रसिक को याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

सेवा निवृत्त प्राचार्य बबन पाण्डेय ने उन्हें अद्वितीय कवि एवं गीत, गजल, व्यंग्य हर विधा में निपुण साहित्यकार बताया। उन्होंने कहा कि सरगुजा में साहित्य को समृद्ध व लोकप्रिय बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। बीडी लाल ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए उन्हें साहसी रचनाकार बताया। सरगुजा संदेश में उनके नगर कल्लोल में छपने वाले व्यंग्य स्तम्भ का उल्लेख किया। परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद हर्ष ने किन शब्दों में लिखू आपकी शैली और प्रकार को, आज भी मांज रही है सबके कलम की धार को, नही हैं इस धरा पे रसिक चाचा तो क्या हुआ, गर्व रहेगा सदा आप पर सरगुजा के कलमकार को, के माध्यम से उनका स्मरण किया। संध्या सिंह ने उनकी प्रसिद्ध गजल की पंक्तियां जिनकी नजर में कुछ भी दिखता नहीं रसिक है, उन रहबरों के हाथों में आज मशालें है का उल्लेख किया। स्व.रसिक के सुपुत्र प्रकाश कश्यप ने उनकी रचना यही याचना तुमसे प्रभु है का पाठ किया। गायिका श्रीमती सीमा खानवलकर व सारिका मिश्रा ने स्वर्गीय रसिक के गीतों को सुनाया। वरिष्ठ समाज देवी ब्रम्हा शंकर सिंह ने उनके साथ बिताए पलों को याद कर अपने संस्मरण सुनाए।

काव्यांजलि में देवेन्द्रनाथ दुबे, एसपी जायसवाल, शायरे शहर यादव विकास, राजेश पाण्डेय अब्र, डॉ.योगेन्द्र गहरवार, विनोद तिवारी, विनोद हर्ष, संतोष सरल, नीलम सोनी आदि शामिल रहे।

### केसरवानी वैश्य सभा द्वारा सामाजिक सम्मेलन

# सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

केसरवानी वैश्य सभा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित लरंगसाय कम्युनिटी हाल में सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव के आयोजन को लेकर बैठक की। 19 जुलाई को प्राचीन राम मंदिर में केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश केसरी एवं सचिव सत्य प्रकाश केसरी,देवेंद्र केसरी,जितेश केसरी के विशेष उपस्थित में आयोजित किया गया। इस दौरान केसरवानी महिला सभा एवं केशरवानी तरुण सभा के भी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में समाज के सदस्य आलोक केसरी ने कहा कि केसरवानी वैश्य सभा द्वारा सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव का बृहद आयोजन किया जा रहा है। निश्चित रूप से इस आयोजन से समाज को मजबूती मिलेगी। केशरवानी समाज के जितेश केसरी, रूपेश केसरी, संतोष केसरी, मितेश केसरी सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि हम सबको सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए कि कार्यक्रम में शत प्रतिशत समाज के लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष धर्म प्रकाश केशरी एवं सचिव नयन केसरी ने कहा कि सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव के दौरान विविध बौद्धिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद के प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।केसरवानी महिला सभा की अध्यक्ष शोभा गुप्ता एवं सचिव प्रियंका केसरी ने कहा कि सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव में महिलाओं की भी सहभागिता सुनिश्चित रहेगी। बैठक में दिलीप केसरी, भारत लाल केसरी, मुकेश केसरी,योगेश केसरी, आर्यन केसरी, एकता केसरी, शीतल केसरी,अंकित केसरी, रिंकी केसरी, अल्पना केसरी, गीता केसरी, पूनम केसरी, उषा देवी,आरती केसरी, शालिनी केसरी, रूपेश केसरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल समाज के लोग।

